## महत्वपूर्ण एवं खास

### सबमर्सिबल पंप एवं केबल वायर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम बरपाली थाना कोतरारोड़ अन्तर्गत निवासरत राजेश कुमार पटेल पिता रोहिणी कुमार पटेल उम्र 36 वर्ष द्वारा दिनांक 29.03.19 को थाना कोतरारोड़ में सबमर्सिबल पानी पंप एवं केबल वायर के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया है । रिपोर्टकर्ता राजेश कुमार पटेल ने बताया कि माह जनवरी में चस्क्र सिंगल फेस सबमर्सिबल पानी पंप एवं पंप के लिये केबल वायर को 23,830 रूपये में खरीदकर अपने घर के बाडी में घरेलू पानी के पुर्ति हेतु गांव के लोगो के साथ लगवाया था कि दिनांक 24/03/2019 की प्रातः करीबन 07/00 बजे अपने कोला बाडी तरफ पंप चालू करने गया तो देखा कोई अज्ञात व्यक्ति पानी पंप एवं केबल वायर को निकाल कर चोरी कर ले गया और पाईप को छोड दिया था । सबमर्सिबल पंप को पता तलाश करते रहा कहीं पता नही चला । रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 63/19 धारा 379 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### बालक लापता, मामला दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतरारोड़ में दिनांक 29.03.19 को 14 वर्षीय बालक के लापता होने की रिपोर्ट उसके पिता द्वारा दर्ज कराया गया है । बालक के पिता ने बताया कि अपनी पत्नि, बच्चों के साथ 4-5 साल से रायगढ़ में रह रहा है । दिनांक 29/03/2019 को सुबह 08/00 बजे काम पर चला गया था, इसकी पत्नि दोपहर में फोन कर बतायी कि लड़का सुबह घर से कहीं चला गया है । तब घर आकर अपने लडके को मोहल्ले के आसपास केवडाबाडी बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, किरोडीमल नगर, उर्दना बेरियर के पास पता किया पता नहीं चला है । रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर अप.क्र. 64/19 धारा 363 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### अवैध रूप से कोयला परिवहन पर हुई कार्यवाही

#### ट्रक में लोड 06 क्विंटल कोयला जप्त, थाना धरमजयगढ़ की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक सरोज टोप्पो के नेतृत्व में दिनांक 29.03.19 के रात्रि मुखबिर सूचना पर धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कोयलारी में ट्रक क्र सीजी 13 आईए4309 को पकड़ा गया । पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त ट्रक में अवैध रूप से कोयला परिवहन किया जाता है । घटनास्थल पर ट्रक का मालिक बब्बल पाण्डेय पिता सत्यनारायण उम्र 38 वर्ष निवासी रेल्वे बंगला पारा रायगढ़ हाल धरमजयगढ़ मिला जिससे ट्राली में लोड कोयले के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया किन्तु बब्बल पाण्डेय किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नहीं किया जिस पर ट्रक मय ट्राली में लोड 06 क्विंटल कोयला सहित जप्त कर आरोपी बब्बल पाण्डेय के विरूद्ध धारा 41(1+4)सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्यवाही कर आरोपी को रिमाण्ड पर भेजा गया है ।

### भेलवाटिकरा के पहाड़ी में लगी आग, दावानाल से लगातार जंगल हो रहे स्वाहा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** वन मंडल रायगढ़ का जंगल धीरे-धीरे दावानाल की चपेट में आते जा रहा है। यही कारण है कि हर दिन अब किसी न किसी जंगल में आग लगने की घटना देखी जा रही है। बीती रात भी रेगड़ा बीट के भेलवाटिकरा पहाड़ी के जंगल में आग लग गई। इसके बाद उस पर काबू पाने के लिए विभाग के कर्मचारियों ने प्रयास शुरू किया और देर रात में जंगल के आग को बुझा लेने की बात कही जा रही है।

# मिस छत्तीसगढ़ बनी पलक मिश्रा, फस्ट रनरअप रही साक्षी

**» आर्ट ऑफ ब्यूटी एसोशिएशन का आयोजन » मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश नायक ने दी बधाई**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** आर्ट ऑफ ब्यूटी एसोशिएशन के द्वारा कल शाम होटल रजवाडा में मिस क्वीन छत्तीसगढ़ का बडा आयोजन किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों की मॉडलों ने हिस्सा लेते हुए मॉडलिंग के क्षेत्र में पहली बार अपनी प्रतिभा दिखाते हुए सभी को चकित कर दिया। छत्तीसगढ़ का यह पहला आयोजन है जिसमें ब्यूटी पार्लर से जुडी महिलाएं अपनी-अपने मॉडल का मेकअप कर उन्हें मंच पर उतारा था।

शहर की जानी मानी प्रसिद्ध संस्था आर्ट ऑफ ब्यूटी एसोशिएशन के द्वारा 26 से 28 मार्च तक होटल रजवाडा में मेगा मेकअप वर्कशॉप का आयोजन रखा गया था जिसमें क्रिस्टिनों इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट अमित धुरिया के द्वारा लगातार 3 दिनों तक मेकअप के कई गुर सिखाए गए। साथ ही साथ 29 मार्च को होने वाले मिस क्वीन छत्तीसगढ़ के लिए प्रदेश के रायपुर, भिलाई, कोरबा, बिलासपुर, बिल्हा, शक्ति, अंबिकापुर से इस स्पर्धा में हिस्सा लेने लाए मॉडलों को मॉडलिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

कल शाम कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सुषमा नायक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम की भव्य शुरूआत हुई। जिसमें उपस्थित मॉडलों ने एक-एक कर कार्यक्रम में समां बांधा और वहां उपस्थित लोगों ने पूरे समय तालियों के साथ उनका हौसला अफजाई करते रहे। इस कार्यक्रम में तीन राण्ड रखे गए थे। पहले ट्रेडिशनल राउण्ड में संस्था से जुडी ब्यूटीशियनों ने सभी प्रतिभागियों का मनमोहक मेकअप किया इसके बाद वेस्टन राउण्ड में भी ब्यूटीशयनों का लाजवाब मेकअप देखने को मिला, जिसका सभी ने भुरी-भुरी प्रशंसा की। इस कार्यक्रम के अंतिम सवाल-जवाब राउण्ड में कार्यक्रम में उपस्थित जजों के द्वारा सवाल पूछा गया, जिसका सभी प्रतिभागियों ने बेहतर जवाब दिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी मॉडलो ने बेहतर प्रदर्शन किया।

# भाजपा नेताओं ने 3 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई

**पीएम मोदी और स्मृति ईरानी के खिलाफ अश्लील पोस्ट का मामले**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सोशल मीडिया में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ अश्लील पोस्ट डालने के मामले में शनिवार की देर शाम भाजपा नेता ओपी चौधरी सहित जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने सिटी कोतवाली में 3 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेता ओपी चौधरी के नेतृत्व में 2 दर्जन से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शनिवार की देर शाम सिटी कोतवाली पहुंचे और उन्होंने तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है । भाजपा का कहना है कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश के पीएम और केंद्रीय मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट कर उनका अपमान किया है, जिसे भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी। इधर मामले में कोतवाली पुलिस का कहना है कि अब तक जिनके खिलाफ शिकायत की गई है वह पोस्ट उन्हीं के द्वारा किया गया है इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लिहाजा मामले की साइबर सेल से जांच कराई जाएगी।

## 11 पहचान पत्रों से मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते है

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2019 मतदान दिवस को बी.एल.ओ. पर्ची का उपयोग मात्र मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची में मतदाता के नाम एवं सरल क्रमांक को ढूंढने के लिये उपयोग में लाया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि किसी भी स्थिति में बी.एल.ओ. पर्ची का उपयोग मतदान करने हेतु परिचय पत्र के रूप में मान्य नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है। मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। ऐसे निर्वाचक जो अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है।

## आचार संहिता उल्लघंन मामले में प्रत्याशियों को नोटिस जारी, समय सीमा पर मांगा गया जवाब

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा लागू की गई आचार संहिता उल्लंघन के मामले में जिला निर्वाचन आयोग कड़े तेवर अपना रहा है। इसके चलते कांग्रेस, भाजपा एवं अन्य दो प्रत्याशियों को आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया गया है। उप निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी गोमती साय ने अपने भाषण में पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए वोट मांगे थे जो आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी लालजीत राठिया ने भी बिना अनुमती मंच से वोट मांगे थे। इसके अलावा बसपा तथा एक निर्दलीय प्रत्याशी ने भी चुनाव आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन किया था इन सभी को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया है। उनका कहना था कि सभी प्रत्याशियों को नोटिस का जवाब समय सीमा के भीतर देने को कहा गया है और जवाब नहीं मिलने पर चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## पेयजल की समस्या का निराकरण के लिये विकासखण्डो कंट्रोल रूम स्थापित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्रीष्मकालीन के दौरान मैदानी स्तर पर पेजयल समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा जिले में पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाये रखने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। विकासखण्ड रायगढ़ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड के सहायक अभियंता जे.पी. गोंड़, को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। उनका मो. नं. 9406167886 विकासखण्ड खरसिया के लिये सहायक अभियंता जे.पी.आसाटी मो.नं. 9425250582, विकासखण्ड सारंगढ़ सहायक अभियंता बी.एल.खरे मो. नं. 8103701620, घरघोड़ा विकासखण्ड के लिये सहायक अभियंता देवप्रकाश वर्मा मो. न. 9926689298 इसी प्रकार धर्मजयगढ़ विकासखण्ड के लिये सहायक अभियंता पी.पी.एस पैंकरा मो. न. 8827511795, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विकासखण्ड रायगढ़ के लिये प्रभारी अधिकारी उपअभियंता वाय.के.चौधरी मो. न. 9981492151, विकासखण्ड पुसौर के लिये उपअभियंता आई.डी.बारिक मो. न.9893906867 इसी प्रकार विकासखण्ड खरसिया के लिये तनुजा पटेल उप अभियंता मो. न.7566705216 बरमकेला के लिये उप अभियंता काशीराम सूर्यवंशी मो. न. 8602103054, घरघोड़ा के लिये उपअभियंता गुलाब सिंह चौहान मो. न. 9424187875, तमनार विकासखण्ड के लिये उपअभियंता आर.के.टंडन मो. न. 7566705216, लैलूंगा विकासखण्ड के लिये उपअभियंता प्रेमलाल उरांव मो. न. 6264223536 इसी प्रकार धर्मजयगढ़ विकासखण्ड के लिये उपअभियंता जे.सी. भगत मो. न. 9406222407 शामिल है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तयामत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्त, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सैद्धांतिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com


सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

**CAREER SCHOOL**
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
**ADMISSION OPEN**
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session







Join CAREER...

**Major Facts**
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

**तत्काल आवश्यकता है**
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480